**जनपद - संतकबीरनगर　　　　प्रेस विज्ञप्ति　　　　दिनॉक 24-12-2020**

**जनपद पुलिस द्वारा धोखाधड़ी करने के फिराक में रहे अभियुक्त को चेकिंग के दौरान किया गिरफ्तार।**

पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर **डॉ कौस्तुभ** के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर **श्री संजय कुमार** के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों पर लगाम लगाने हेतु **थाना धनघटा पुलिस द्वारा** पैदल गश्त एवं सघन वाहन चेकिंग के दौरान 01 अभियुक्त नाम पता शेरू चौहान पुत्र मुरली चौहान निवासी डिहुरापार करवल मजगवां थाना गगहा जनपद गोरखपुर को चेक किया गया तो उसके पास से रूमाल में रखी हुई कागज के गड़ियां मिली। पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि वह उसे भोले भाले लोगों से धोखाधड़ी करके रुमाल में रखी कागज की गड़िया देकर उसके बदले भारतीय रुपयों को लेने के फिराक में था। धनघटा पुलिस द्वारा उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 445 / 2020 धारा 420 / 406 भादवि पंजीकृत कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**अवैध शराब निष्कर्षण, बिक्री के खिलाफ की कार्यवाही के अन्तर्गत 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद, 03 अभियुक्त गिरफ्तार**

**थाना महुली पुलिस द्वारा** 05-05 लीटर कुल 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ 02 अभियुक्त 1- नाम पता गुलाबचन्द राजभर पुत्र द्वारिका प्रसाद निवासी डहरौली थाना महुली जनपद संतकबीरनगर। 2 – रामचन्द्र पुत्र हरिद्वार निवासी कस्बा महुली थाना महुली जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर थाना महुली पर क्रमशः मु0अ0सं0 407 / 2020 व 408 / 2020 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर किया गया।

**थाना दुधारा पुलिस द्वारा** 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ अभियुक्त नाम पता मेहीलाल पुत्र राम प्यारे निवासी कोइलसा थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर थाना दुधारा पर मु0अ0सं0 402 / 2020 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।

**01 अदद अवैध चाकू के साथ अभियुक्त गिरफ्तार**

**थाना दुधारा पुलिस द्वारा** 01 अदद अवैध चाकू के साथ अभियुक्त नाम पता शमशेर पुत्र साहबअली निवासी बाघनगर थाना दुधारा को गिरफ्तार कर थाना दुधारा पर मु0अ0सं0 401 / 200 धारा 4 / 25 शस्त्र अधिनियम पंजीकृत कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**शान्ति भंग (151/107/116 सीआरपीसी) मे 11 अभियुक्त गिरफ्तार**

- **थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 03 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।

- **थाना महुली पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 07 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।
- **थाना धनघटा पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 01 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।

## पीआरवी आफ द डे

**पीआरवी 1489 द्वारा मार्ग दुर्घटना मे घायल व्यक्ति को पहुंचाया गया अस्पताल –** पीआरवी 1489 को थाना महुली क्षेत्रांतर्गत इवेन्ट संख्या 03903 से कालर ने मार्ग दुर्घटना मे एक व्यक्ति के घायल होने के संबन्ध में सूचना दिया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा घटना स्थल पर 08 मिनट में पहुंचकर दुर्घटना मे घायल व्यक्ति को जरिए एम्बुलेंस प्रा0स्वा0 केन्द्र नाथनगर भेजा गया, तथा घटना के संबंध मे थाना महुली को सूचित किया गया। पीआरवी कर्मियों की सतर्कता एवं सूझबूझ से घटना स्थल पर समय से पहुंचकर घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाई गयी, जिसकी स्थानीय व्यक्तियों द्वारा सराहना की गई।

**पीआरवी स्टाफ** –मु0आ0 दिनेश प्रसाद, आ0 शुभम कुमार गुप्ता, हो0चा0 भीम कुमार।

### मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 100 वाहनो से 103100 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया

आज दिनांक 24-12-2020 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 100 वाहनो से 103100 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया।